"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-01-03."

# छत्तीसगढ़ राजपत्र

## ( असाधारण )

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 151-फ ] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 8 जून 2007—ज्येष्ठ 18, शक 1929

उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 8 जून 2007

**अधिसूचना**

क्रमांक - एफ 4-3/2007/38.— छत्तीसगढ़ अशासकीय महाविद्यालय और संस्था (स्थापना एवं विनियमन), अधिनियम, 2006 (क्र. 25 सन् 2006) की धारा-68 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा अशासकीय महाविद्यालय की स्थापना हेतु निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

**नियम**

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ** - (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ अशासकीय महाविद्यालय और संस्था (स्थापना एवं विनियमन) नियम, 2007 है.

2. यह राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएँ** - इन नियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :-

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ अशासकीय महाविद्यालय तथा उच्च शिक्षा (स्थापना एवं विनियमन) अधिनियम, 2006 ;

(ख) "तदर्थ अनुदान" से अभिप्रेत है, राज्य शासन द्वारा इस निमित्त बनाये गये प्रावधानों के अधीन किसी विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के संबंध में स्वीकृत किये गये अनुदान की स्वीकृति ;

(ग) "सहायता प्राप्त महाविद्यालय" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृत संधारण अनुदान के द्वारा नियमित रूप से वित्तीय सहायता प्राप्त कोई भी महाविद्यालय या संस्थान ;

(घ) "कालेज कोड" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्र. 22 सन् 1973) के परिनियम 28 के अधीन अन्तर्विष्ट किए गए प्रावधान ;

(ङ) "महाविद्यालय" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के उपबन्धों के द्वारा या अधीन विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार द्वारा सम्यक् रूप से संधारित या स्वीकृत निजी सहायता या बिना सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाएं जो महाविद्यालय या महाविद्यालय से भिन्न संस्थान, नाम की स्थापना में चलाये जा रहे हो, किन्तु जो स्वरूप, कार्यक्षेत्र, मापदण्ड तथा सीमा जो उच्च शिक्षा के महाविद्यालय के अवधारणा के अधीन आती हो ;

(च) "आयुक्त" से अभिप्रेत है, उच्च शिक्षा का आयुक्त अथवा वह अधिकारी या प्राधिकारी, जिसे शासन द्वारा अथवा आयुक्त द्वारा अभी अपनी ओर से शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हो ;

(छ) "सक्षम प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, जिसे सरकार द्वारा, अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम के अधीन ऐसे प्रयोजनों के लिए अथवा ऐसे क्षेत्रों के लिए सक्षम प्राधिकारी के कृत्य के निर्वहन के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया प्राधिकारी, जैसा अधिसूचना में विनिर्दिष्ट हो, किया जा सकेगा ;

(ज) "शैक्षणिक अभिकरण" से अभिप्रेत है, जब तक विशेष रूप से अन्यथा दर्शाया न हो, शैक्षणिक समिति, सोसायटी, ट्रस्ट या संघ, जो उच्च शिक्षा में अशासकीय शैक्षणिक संस्था को चलाते हो, या उसकी देखरेख करता हो, प्रशासन करता हो, नियंत्रित करता हो;

(झ) "कर्मचारी" से अभिप्रेत है, अनुदान प्राप्त या अनुदान अप्राप्त महाविद्यालय अथवा उच्च शिक्षा संस्था द्वारा नियोजित शैक्षिक अथवा अशैक्षिक स्टॉफ के सदस्य ;

(ञ) "संस्थापना समिति" से अभिप्रेत है, कानूनी निगमन तथा पंजीयन के लिए विधि द्वारा निगमित या पंजीकृत व्यक्तियों का निकाय, जिसका निधि तथा संधारण विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार से प्रविष्टी लेने के लिए शैक्षणिक संस्थान को ग्रहण करता है तथा जहां छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 की धारा 33 के अधीन इस समाज के प्रशासी निकाय को अधिष्ठित किया जाता है, समाज के कार्यों के व्यवस्थापन के लिए राज्य शासन द्वारा नियुक्त किये गये व्यक्ति या व्यक्तियों का समूहय

(ट) 'सामान्य शिक्षा" से अभिप्रेत है, तकनीकी शिक्षा से भिन्न शिक्षा की सभी शाखाएं, तथा जिनमें विशेष शिक्षा सम्मिलित है ;

(ठ) "शासी निकाय" से अभिप्रेत है, महाविद्यालय संहिता के परिनियम के उपबंधों के अनुसार गठित शासकीय निकाय ;

(ड) "शासन" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन ;

(ढ) "अनुदान" से अभिप्रेत है, राज्य शासन द्वारा अकादमिक स्तर के उन्नयन एवं संधारण तथा अधोसंरचना के लिए संधारण (वेतन) अनुदान, तदर्थ सहायत्ता अनुदान या जैसा मामला हो, किसी अन्य रूप में शैक्षिक संस्थाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा उपबंधित वित्तीय अनुदान

(ण) "उच्च शिक्षा विभाग" से अभिप्रेत है, शासन के अधीन कार्यरत उच्च शिक्षा विभाग ;

(त) "निरीक्षण" से अभिप्रेत है, संस्था के विकास में इसके कृत्यों तथा शैक्षणिक संस्थानों के समग्र मूल्यांकन तथा भवनों, ग्रंथालयों प्रयोग शालाओं, क्रिडांगनों तथा अन्य संबंधित मुददों के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा अवधारित किये अनुसार अभिलेखों, रिकार्डो की छान–बीन तथा विशिष्ट भौतिक जांच ;

(थ) "संस्था" से अभिप्रेत है, अशासकीय महाविद्यालय ;

(द) "संधारण/वेतन अनुदान" से अभिप्रेत है, राज्य शासन द्वारा सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों तथा कर्मचारियों को उनके वेतन और भत्ते आदि के लिए नियमित रूप से दिया जाने वाला अनुदान;

(ध) "प्रबंधन" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ सोसायटी, रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 (कमांक 44 सन् 1973) के संदर्भ में उसका शासी निकाय किसी संस्था के संबंध में तथा अभिव्यक्त संस्था का प्रबंधन तदनुसार व्याख्या किया जायेगा ;

(न) "अशासकीय महाविद्यालय" से अभिप्रेत है, शासन के प्रत्यक्ष प्रशासनिक नियंत्रण से परे व्यक्तियों किसी समूह, ट्रस्ट या सोसायटी द्वारा प्रबंधीकृत तथा संचालित महाविद्यालय ;

(प) "सहायता अप्राप्त" से अभिप्रेत है, अनुदान प्राप्त महाविद्यालय या संस्था से भिन्न महाविद्यालय;

(फ) "संस्थापना समिति का अध्यक्ष" से अभिप्रेत है, वह व्यक्ति, जो आधारभूत समिति द्वारा विधिवत् उसका अध्यक्ष (जिस नाम से पुकारा जाता हो) चुना गया हो और उसका कार्यकारी प्रमुख हो और यदि सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973, की धारा 33 के तहत् समिति बर्खास्त की गई हो, तो राज्य शासन द्वारा समिति के कार्यो की देखरेख के लिए नियुक्त व्यक्ति के समूह का मुखिया ;

(ब) "शिक्षक" से अभिप्रेत है, उस संस्था में शिक्षा देने के लिए नियुक्त शैक्षणिक संस्थान में शैक्षणिक स्टाफ का कोई सदस्य ;

(भ) "विश्वविद्यालय" से अभिप्रेत है, केन्द्रीय अधिनियम, प्रान्तीय अधिनियम अथवा राज्य अधिनियम द्वारा या के अधीन स्थापित या निगमित विश्वविद्यालय से है और कोई ऐसा संस्थान उसमें समाहित है, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 में सन्निहित विनियमों के अनुसार आयोग द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय से परामर्श से मान्यता प्राप्त हो तथा छत्तीसगढ़ राज्य की परिसीमा में कार्यरत हो ;]

(म) "धारा" से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा ;

(य) "प्ररूप" इस नियम के लिए संलग्न (प्ररूप) ;

(कक) "शब्द एवं अभिव्यक्तियॉ" जिनका इस नियम मे प्रयोग किया गया है किन्तु परिभाषित नही है, उनकें वही अर्थ होंगें जो उनके लिए उच्च शिक्षा में अशासकीय महाविद्यालय एवं संस्थान(स्थापना तथा विनियमन) अधिनियम, 2006 में समुनुदेशित हैं ।

**3. विद्यमान संस्थाओं के लिए विशेष प्रावधान**–(1) अधिनियम की धारा 5 में विनिर्दिष्ट शिक्षण संस्थाओं को इन नियमों के प्रभावशील होने के तत्काल बाद से एक वर्ष की अवधि में धारा 7 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक प्रमाण–पत्र एवं अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे ।

(2) धारा 11 के अन्तर्गत गठित निरीक्षण समिति के द्वारा (प्ररूप क0 1) में अनुशंसा सहित प्रतिवेदन सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा ।

**4. शैक्षिक संस्थानों की स्थापना के लिए अनुमति** – विभिन्न प्रचार माध्यमों, जैसे स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन हेतु निर्धारित प्रकियाधीन अधिसूचना माह जुलाई के अंतिम सप्ताह तक धारा 6 की उपधारा कमशः "क" "ख" "ग" के संदर्भ में जारी की जायेगी । इनसे संबंधित प्रकिया निम्नानुसार होगी :–

(1) उक्त अधिनियम 2006 की धारा 6 एवं 7 के अधीन अशासकीय महाविद्यालय खोलने के लिए आवेदन तीन प्रतियों में आयुक्त, उच्च शिक्षा को (प्ररूप क03 ) में आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

(2) आवेदन का प्रपत्र व्यक्तिशः या डाक द्वारा आयुक्त उच्च शिक्षा के नाम से किसी भी राष्ट्रीय कृत / के नाम से 5000रू0 (पांच हजार रूपये मात्र) के डिमांड ड्राफ्ट में समिति के नाम पते स्पष्ट उल्लेख के साथ रायपुर में भुगतान हेतु प्राप्त किया जाना चाहिए ।

(3) आवेदन का प्रपत्र यदि डिमांड ड्राफ्ट 5000रू0 (पांच हजार रूपये मात्र) के साथ निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्राप्त नहीं होता है तो अस्वीकृत कर दिया जावेगा, तथा जमा की गई राशि राजसात कर ली जावेगी ।

(4) प्रायोजक समिति को धारा 7 के प्रावधानानुसार पंजीयन के प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि तथा शैक्षणिक समिति के संविधान और उपनियम प्रस्तुत करना होगा ।

धारा 6 की उपधारा ग- हेतु निरीक्षण समिति द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा । आवेदन प्रपत्र (प्ररूप क. 3) के अनुसार किया जायेगा ।

5. **अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन** :–आवेदक संस्था को प्ररूप संख्या में विनिर्दिष्ट अनुसार अनुमति के लिए आवेदन, अधिनियम की धारा 7 के अन्तर्गत प्रावधान के अनुसार योग्यता प्रमाण पत्र संलग्न करेगा ।

6. **निकाय निधि** :–आवेदक संस्थाओं को अधिनियम की धारा 8 के अधीन निकाय निधि तथा संस्था के विकास के लिए राशि जमा करेगा ।

निकाय निधि के अधीन जमा राशि निम्नानुसार होगी:–

(क) विद्यार्थियों तथा सहशिक्षा के लिए महाविद्यालय हेतु रू. 10 लाख ।

(ख) यू0जी0 महाविद्यालय हेतु (लड़कियों के लिए या आदिवासी क्षेत्रों में स्थापित महाविद्यालयों के लिए) रू. 5 लाख ।

टीप :– (अ) उपर्युक्त दोनों श्रेणियों के लिए निकाय निधि का एक तिहाई भाग किसी राष्ट्रीकृत अथवा अनुसूचित बैंक में सावधिक जमा रसीद के रूप में महाविद्यालय आरंभ करने के पूर्व जमा किया जा सकता है और शेष राशि का भुगतान भी सावधिक जमा रसीद के रूप में प्रथम सावधिक जमा रसीद की तारीख को दृष्टिगत करते हुए दो समान वार्षिक किस्तों में जमा करनी होगी ।

(ब) आवेदनकर्ता समिति को निर्धारित प्रपत्र में उस राष्ट्रीयकृत / अनुसुचित बैंक जहां से संयुक्त खाते में निकाय निधि के भुगतान का सावधिक जमा रसीद जारी किया है, एक पत्र प्राप्त करते हुए आयुक्त कार्यालय (संबंधित शाखा) समक्ष सावधिक जमा रसीद की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत करना होगा ।

(2) वित्तीय संसाधन :– महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए निर्धारित निकाय निधि जमा करने के अतिरिक्त निम्नलिखित न्यूनतम वित्तीय संसाधन दर्शाने होगें :–

(क) बी.ए. या बी.काम. (प्रत्येक समुह में) राशि रू. 3.00 लाख

(ख) बी.ए. एवं बी.काम. (प्रत्येक पाठ्यक्रम में, एक समुह के लिए) राशि रूपये 4.00 लाख

(ग) बी.एस.सी. (प्रत्येक समूह के लिए) राशि रू. 5.00 लाख

(घ) बी.ए. या बी कॉम के साथ बी.एस.सी. (प्रत्येक पाठ्यक्रम में, एक समुह के लिए) राशि रूपये 6.00 लाख

(ङ) बी.ए., बी.कॉम और बी.एस.सी. ( प्रत्येक समुह, पाठ्यक्रम के लिए) राशि रूपये 7.00 लाख

(च) डिग्री (स्नातक स्तर) प्रायोगिक विषय के लिए राशि रूपये 5.00 लाख डिग्री अप्रायोगिक हेतु 3.00 लाख प्रत्येक अतिरिक्त डिग्री हेतु राशि रूपये 1.00 लाख जिस डिग्री के लिए निर्धारित अधिकतम राशि हो उसमे रूपये 1.00 लाख जोड़ा जाए

(छ) स्नातकोत्तर डिग्री प्रायोगिक हेतु राशि रूपये 3.00 लाख अप्रायोगिक हेतु राशि रूपये 2.00 लाख

(ज) स्नातक डिप्लोमा प्रायोगिक हेतु राशि रूपये 2.00 लाख तथा अप्रायोगिक हेतु राशि रूपये 1.00 लाख 50 हजार

(झ) स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रायोगिक राशि रूपये 3.00 लाख तथा अप्रायोगिक के लिए राशि रूपये 2.00 लाख

(ञ) व्यावसायिक पाठ्यक्रमो के लिए राशि रूपये 8,00 लाख

टीप :— (एक) वित्तीय संसाधन को समिति के सचिव के नाम से जारी छः माह की अवधि के लिए सावधिक जारी जमा रसीद के रूप में दर्शाया जावेगा ।

(दो) सावधिक जमा रसीद की मूल प्रति को आयुक्त द्वारा नियुक्त अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा ।

**7. उपलब्ध कराये जाने वाली भूमि और आवास स्थान का विस्तार :—** धारा 9 में

वर्णित प्रावधानानुसार शैक्षणिक संस्थाओं के भूमि भवन की व्यवस्था निम्नानुसार करनी होगी :—

(1) भूमि — विशेष भूमि का नजरी नक्शा जिसमें भूमि के स्थान का आकार जो कि दस्तावेज में दर्शाये है तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो, प्रस्तुत करना होगा ।

(2) भवन व्यवस्था :— (अ) संस्थापना समिति कम से कम 2461.54 मीटर (8 हजार वर्ग फीट) क्षेत्रफल वाले भूमि स्वयं के भवन अथवा लीज के भवन को उपलब्ध करायेगी तथा यह भवन अध्यापन कक्षों के लिए योग्य होना चाहिए ।

(ब) प्रत्येक कक्ष का कमरा तथा प्रयोगशाला का क्षेत्रफल 184.62 मीटर (600 वर्ग फीट) होगा इसके अतिरिक्त समिति निम्नांकित सामान्य सुविधाओं हेतु स्थान उपलब्ध करायेगी :—

| | | |
|---|---|---|
| (1) प्रचार्य कक्ष | — | 6.15X4.62 = 28.41 मीटर (20X15 = 300) |
| (2) कार्यालय कक्ष | — | 6.15X7.69 = 47.29 मीटर (20X25 = 500) |
| (3) स्टाफ रूम | — | 6.15X6.15 = 37.82 मीटर (20X20 = 400) |
| (4) लाइब्रेरी कक्ष | — | 9.23X15-38 = 141.95 मीटर (30X50 = 1500) |
| (5) महिला कक्ष | — | 6.15X6.15 = 37.82 मीटर (20X20 = 400) |
| (6) छात्रा कक्ष | — | 6.15X9.23 = 56.77 मीटर (20X30 = 600) |
| (7) छात्र कक्ष | — | 6.15X9.23 = 56.77 मीटर (20X30 = 600) |
| (8) व्याख्यान कक्ष | — | 6.15X9.23 = 56.77 मीटर (20X30 = 600) |
| (9) एन.सी.सी. / खेलकूद | — | 73.85 X73.85 = 5453.82मीटर(240X240 = 57600) |
| (10)प्रयोगशाला | — | 6.15X9.23 = 56.77 मीटर (20X30 = 600) प्रत्येक |

नोटः— टायलेट छात्र / छात्राओं के लिए अलग—अलग, (पुरूष व स्त्री के लिए अलग—अलग) पेयजल सुविधा आवश्यक रूप से होनी चाहिए ।

| क0 | विवरण | न्यूनतम संख्या | न्यूनतम क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यापन कक्ष | 06 | 6X184.62 = 1107.69 मीटर (06X600=3600) |
| 2. | प्रयोगशाला कक्ष | 05 | 5X184.62 = 1107.69 मीटर (05X600=3000) |
| 3. | सामान्य सुविधाएं प्राचार्य कक्ष आदि | 07 | 615.39 मीटर (2000) |

नोटः–भवन जो निर्माण की स्थिति में हो उसे नये महाविद्यालय प्रारंभ करने के लिए विचार में नहीं लिया जावेगा । शिक्षण समिति नगर निगम अथवा ग्राम पंचायत के आदेश की प्रति जमा करेगी जिसमें अनुमोदित नक्शा सहित भवन का प्रस्ताव हो कक्षों के विवरण के लिए निम्नलिखित प्रोफार्मा में आवेदन पत्र के साथ जानकारी संलग्न की जावेगी ।

| स.क. | भवन संख्या | कक्ष संख्या | आकार ल.xचौ मी. में | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

दो या उससे अधिक संस्थाओं को एक ही परिसर में पारियों में चलाने की अनुमति नहीं होगी

8- **भवन व्यवस्था में छूट** :– महिला महाविद्यालय अथवा ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र में महाविद्यालय प्रस्तावित होने की दशा में निरीक्षण के समय 1846.15 मीटर (6000 वर्ग फीट) क्षेत्रफल उपलब्ध होना चाहिए तथा तीन वर्ष के भीतर 2461.54 मीटर (8000 वर्ग फीट) क्षेत्रफल का भवन तैयार हो जाना चाहिए ।

9. **आवेदन और वापसी** :– नये महाविद्यालय आरंभ करने हेतु आवेदन प्रपत्र निर्धारित विधि से रू0 5000/– भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है ।

(1) आवेदन प्रपत्र न तो वापस होगा न ही उसकी कीमत लौटाई जायेगी ।

(2) नये विषय/संकाय प्रारंभ करने के लिए शुल्क तथा आवेदक द्वारा प्रकिया में जमा किए गए शुल्क को संस्था निम्नलिखित मामलों में लौटाये जाने के लिए उत्तरदायी है, जो प्रयोगशालाओं की कम से कम आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं करते हैं :–

## नवीन महाविद्यालयो में विज्ञान संकाय आरंभ करने हेतु प्रयोगशालाओं के लिये कम से कम आवश्यकताएँ :–

**(अ) वनस्पतिशास्त्र की प्रयोगशाला (30 विद्यार्थियों के लिए) (अधि. 80)**

(1) प्रयोगशाला का क्षेत्रफल 9.23X6.15 मीटर 30'20'
(2) प्रयोगशला की लैब टेबल 6
(3) लैब में टैप (पानी) फिटिंग, सिंक,नालियाँ,गैस व्यवस्था,प्रचुर मात्रा में सूर्य किरणों के लिए बड़ी खिड़किया तथा बिजली की व्यवस्था ।
(4) स्टोर की व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के लिए स्टूल आदि की व्यवस्था ।
(5) रैक्स की व्यवस्था – 06 नग
स्टेनिंग जार रैक्स – 12 नग
(6) कंपाउंड माइकोस्कोप्स – 15 नग
(7) डिसेक्टिंग माइकोस्कोप्स – 15 नग
डिसेक्शिंग ट्रे बड़ी – 40 नग
डिसेक्शिंग ट्रे छोटी – 40 नग
डिसेक्टिंगक बॉक्स – 3 नग
(8) केमिकल्स–फारमलिन,ग्लिसरीन,एल्कोहल,स्टार्च,ग्लूकोज,मोम,ऐसिटिक एसिड ईथर
(9) बनाये हुए स्टेण्ड, काइको स्लाइड्स – 100 विभिन्न प्रकार के
(10) स्टेनस ओर डाइस –
बोरकेक्स कार्माइन
होमोटोक्सीलीन
एसिड फॅयूसिनन
फास्ट ग्रीन
इओसीन
ऐसिटोकार्मीन

(11) ग्लास उपकरण :–
बीकर,फलास्क, बाच ग्लास,फलन, पीपेट, ब्यूरेट, टैस्ट ट्यूब, पैटरीडिस, ऐनालिटीकल बैलेंस, फिजिकल बैलेंस
(12) डिस्टिलेसन उपकरण
(13) मेजरिंग सिलिंडर्स 1000 एम.एल., 500 एम.एल., रेक्टेंगलर जार, स्टेजिंग जार
(14) फिजियोलॉजीकल उपकरण – गैन्नोस फोटोमीटर, ट्रास्पीरेशन, ऐसेन्ट स्केल
(15) ग्रीन हाउस
(16) विभिन्न प्रकार क चाटस

नवीन महाविद्यालयों में विज्ञान संकाय आरंभ करने हेतु प्रयोगशालाओं के लिये कम से कम आवश्यकताएँ :–

(ब) प्राणी शास्त्र की प्रयोगशाला (30 विद्यार्थियों के लिए)

(1) प्रयोगशाला का क्षेत्रफल 9.23X6.15 मीटर 30'20'
(2) प्रयोगशला की लैब टेबल 6
(3) लैब में टैप (पानी) फिटिंग, सिंक,नालियॉ,गैस व्यवस्था,प्रचुर मात्रा में सूर्य किरणों के लिए बडी खिडकियां तथा बिजली की व्यवस्था ।
(4) स्टोर की व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के लिए स्टूल आदि की व्यवस्था

(5) रैक्स की व्यवस्था – 06 नग
स्टेनिंग जार रैक्स – 12 नग
(6) कंपाउंड माइक्रोस्कोप्स – 15 नग
(7) डिसेक्टिंग माइक्रोस्कोप्स – 15 नग
डिसेक्अिंग ट्रे बडी – 40 नग
डिसेक्अिंग ट्रे छोटी – 40 नग
डिसेक्टिंगक बॉक्स – 3 नग
(8) केमिकल्स–फारमलिन,ग्लिसरीन,एल्कोहल,स्टार्च,ग्लूकोज,नोन,ऐसिटिक एसिड,ईथर
(9) बनाये हुए स्टेण्ड, काइको स्लाइड्स – 100 विभिन्न प्रकार के
(10) स्टेनस और डाइस –
बोरकेक्स कार्माइन
हामोटोक्सीलीन
एसिड फ्यूसिनन
फास्ट ग्रीन
इओसीन
ऐसिटोर्कामीन
(11) ग्लास उपकरण :– बीकर,फ्लास्क, बाच ग्लास,फलन, पीपेट, ब्यूरेट, टैस्ट ट्यूब, पैटरीडिस, ऐनालिटीकल बैलेंस, फिजिकल बैलेंस
(12) डिस्टिलेसन उपकरण, पार्टी डिश.
(13) मेजरिंग सिलिंडर्स 1000 एम.एल., 500 एम.एल., रेक्टेंगलर जार, स्टेजिंग
(14) फिजियोलॉजीकल उपकरण
(15) म्यूजियम–म्यूजियम प्राणी
(16) विभिन्न प्रकार के चार्टस्
(17) हीमोमीटर
(18) हीमासाइटोमीटर

नवीन महाविद्यालयों में विज्ञान संकाय खोलने के लिये प्रयोगशालाओं के लिये कम से कम आवश्यकताएँ :–

(स) रसायन शास्त्र के लिए प्रयोगशाला (30 विद्यार्थियों के लिए)
(1) प्रयोगशाला का क्षेत्रफल 9.23X6.15 मीटर 30'20'
(2) प्रयोगशला की लैब टेबल 6 नग
लैब में टैप (पानी) फिटिंग, सिंक,नालियॉ,गैस व्यवस्था,प्रचुर मात्रा में सूर्य किरणों के लिए बड़ी खिड़कियां तथा बिजली की व्यवस्था ।
(3) स्टोर की व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के लिए स्टूल आदि की व्यवस्था ।

(4) ग्लास उपकरण

(5) बीकर, फ्लास्क, वाच ग्लास, फलन,पीपेट, ब्यूरेट, टैस्ट टयूब,पैटरीडिस, ऐनालिटीकल बैलेंस, फिजिकल बैलेंस.

(6) डिस्टलेसन उपकरण

(7) कैमिकल बैलेन्स – 10, फिजिकल – 1 फैकसनल वेट्स

(8) कैमिकलस – निकल कार्बोनेट, कोबाल्ट क्लोराइड, पोटेशियम सल्फेट, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, सल्फ्यूरिक एसिड, एसिटिक एसिड, सोडियम हाइड्रॉक्साइड, अमोनिया (लिकर),अमरेनियम ऑक्सलेट, सोडियम हाइड्रोजन फास्फेट, सोडियम कार्बोनेट, फेरस सल्फेट, पोटेशियम परमेंगनेट, पोटेशियम डायक्रोमेट, पोटेशियम क्रोमेट, कापर सल्फेट, मैग्नीशियम कार्बोनेट, अमोनियम कार्बोनेट, फेरस सल्फाइड, सोडियम नाट्रोप्रूसाईड, सोडियम सल्फेट, पोटेशियम नाइट्रेट, सोडियम नाइट्राइट, सोडियम बायोसल्फेट, एल्यूमीनियम सल्फेट आदि ।

**(द) भौतिक भास्त्र प्रयोगशाला (30 विद्यार्थियों के लिए) (अधिकतम 80)**

(1) प्रयोगशाला का क्षेत्र 40x50 मीटर

(2) प्रयोगशाला की लैब टेबल 04

(3) समुचित विद्युत व्यवस्था ।

(4) पानी, सिंक, इत्यादि की व्यवस्था

(5) प्रयोगशाला उपकरण निम्नलिखित प्रयोग हेतु सामाग्री ।

(ए) यंग माडुलस बाई बेन्डिग आफ बीम ।

(बी) यंग माडुलस रेगीडिटी एण्ड पोशन रेशन बाई सेलर्स एप्लाइड

(सी) टार्सन पेन्डुलम फार कोपीसियेन्ट आफ रिगीडिटी

(डी) मुमेन्ट आफ इनर्सिया बाई इनर्सिया टेबल

(ई) पोसन रेशन आफ रबर ट्यूब

(एफ) काफीसियेन्ट आफ विकोसिटी एण्ड टरमिनल वेलोसिटी बाई स्टाक्स मेथड

(जी) जी बाइ कम्पाउन्ड पन्डुलम

(एच) जी बाई केट्टर पेन्डुलम

(आई) मोमेन्ट आफ इनर्सिया आफ फ्लाई व्हील

(जे) कोफीसियेन्ट आफ रिगीडिटी आफ वायर बाई मेक्सवेल्स निडिल

(के) न्यूटन्स ला आफ कूलिंग

(एल) एच बाई डिफलेकान एण्ड वायबरोन मेगनेटोमीटर

(एम) सरफेस टेंशन बाई केपिलरी मेथड

(एन) विस्कोसिटी बाई पाईसली मेथड

(ओ) स्प्रिंग कान्सटेन्ट आफ डिफरेन्ट काम्बीनेशन आफ स्प्रिंग

(पी) एल.सी.आर. सरकीट रेसोनेन्ट कन्डीशन

(क्यू) स्टडी आफ ला आफ पैरलल एण्ड परपेन्डीकुलर एक्सीस फार मुमेन्ट आफ इनर्सिया

(आर) स्टडी आफ आक्सीलेसन्स अन्डर ए बिफिलर सस्पेंशन

(एस) स्टडी आफ केन्टीलीवर

## (इ) सूक्ष्म जीवाणु विज्ञान प्रायोगशाला (30 विद्यार्थियों के लिये)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रयोगशाला का क्षेत्रफल | – | 9.30 X 6.30 m |
| (2) | लैब टेबल | | |
| (3) | प्रयोशाला में समुचित पानी, गैस, नाली, व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था | | |
| (4) | भंडार गृह | | |
| (5) | दीवाल में रैक्स | – | 06 |
| (6) | स्टेनिंग रैक्स | – | 15 |
| (7) | कंपाउंड माइक्रोस्कोप्स | – | 15 |
| (8) | विच्छेदन सूक्ष्मदर्शी (डिसेक्टिग माईक्रोस्कोप) | – | 10 |
| (9) | स्लाइड | – | 200 |
| (10) | पेट्री डिश | – | 150 |
| (11) | टेस्ट टयूब | – | 200 |
| (12) | बीकर्स | – | 40 |
| (13) | वाच ग्लास | – | 30 |
| (14) | फनेल | – | 15 |
| (15) | पिपेट (1मीटर–5मि.ली.) | – | 10 |
| (16) | कॉनिकल फ्लास्क | – | 100 |

## केमिकल

(1) अल्कोहल, एब्सूलट एवं रेक्टीफाइड

(2) स्टार्च

(3) ग्लूकोस

(4) एसिटिक एसिड

(5) सोडियम हाइड्राक्साइट

(6) पोटेशियम, डाइक्रोमेट

(7) गंधक अम्ल

(8) बीफ एक्सट्रेट

(9) अगर, अगर

(10) पोटेशियम आयोडाइड

(11) ग्लाइकोडीन

(12) ईथर

(13) आयोडीन

**अभिरंजक – किस्टल, वायलेट, सेफेनिन, काटन ब्लू, लाईटग्रीन, इयोसिन, एसिटो.करमीन, एसिड फस्ट, आयोडीन फस्टग्रीन**

**उपकरण –**

(1) एनालिटिकल बैलेन्स

(2) भौतिक तुला

(3) ओवन

(4) इन्क्यूबेटर

(5) लेमिनर एयर फ्लो

(6) कालोनी काउन्टर

(7) पी.एच. मीटर

(8) स्पेक्ट्रो फोटो मीटर

(9) टर्बी डिटी मीटर

(10) डिस्टीलेशन प्लान

(11) आटो क्लो

(12) सेन्ट्री फ्यूज (क्लीनिकल)

(13) सेन्ट्री फ्यूज (अल्ट्रा सेन्ट्री फ्यूज< 10000 आर.पी.एम.

(14) रेफ्रीजरेटेड सेन्ट्री फ्यूज

(15) रेफ्रीजरेटर

(16) डीप फ्रीजर (–20 सी)

(17) इक्यूपमेन्टस फार प्रेक्टीकल्स इम्यूनालॉजी

(18) माइको बायोलाजिकल इनक्यूबेटर

(19) यूबेक कालोनी काउन्टर

**(फ) जैव प्रयोगिकीय प्रयोगशाला (30 विद्यार्थियों के लिये)**

(1) प्रयोगशाला का क्षेत्रफल – 25मी. x 9मी., 15मी x 9मी., 12मी x 9मी

(2) लैब टेबल – 08 लैब टेबल

(3) प्रयोगशाला में समुचित पानी, गैस, नाली, व्यवस्था

(4) भंडार गृह

(5) दीवाल में रैक्स – 08

(6) स्टेनिंग जार रैक्स – 15

(7) कम्पाउण्ड माइक्रोस्कोप्स – 15

(8) बाइना कुलर सल्यदर्शी – 04

(9) विच्छेदन सूक्ष्मदर्शी – 02

(10) पेट्री डिश – 150

(11) टेस्ट टयूब – 200

(12) बोकर्स – 40

(13) पानी ग्लास – 30

(14) फनेल – 15

(15) पिपेट (1मीटर–मि.ली.) – 10

(16) कानिकल फ्लास्क – 100

## केमिकल

(1) अल्कोहल, एब्सूलट एवं रेक्टीफाइड

(2) एसिटिक एसिड

(3) पोटेशियम, डाइक्रोमेट

(4) सोडियम हाइड्राक्साइट

(5) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

(6) गंधकअम्ल

(7) इलेक्ट्रोपोटेसियम के लिये केमीकल्स

(8) अगर, – अगर

(9) बीफ एक्सट्रेट

(10) ईथर

(11) ग्लिसरिन

(12) स्टार्च

**अभिरंजक – क्रिस्टल, वायलेट, सेफेनिन, काटन ब्लू, लाईटग्रीन, इयोसिन, एसिटो.करमीन, एसिड फस्ट, आयोडीन फस्टग्रीन**

**उपकरण –**

(1) एनालिटिकल बैलेन्स

(2) भौतिक तुला

(3) ओवन

(4) इन्क्यूबेटर

(5) आटोक्लेव

(6) लेमिनर एयर फ्लो

(7) पी.एच. मीटर

(8) स्पेक्ट्रो फोटो मीटर

(9) सेन्ट्रिफ्यूज

(10) डिस्टीलेशन यूनिट

(11) इलेक्ट्रोफोरेसिस उपकरण

## नवीन महाविद्यालयों में विज्ञान संकाय आरंभ करने हेतु प्रयोगशालाओं के लिये कम से कम आवश्यकताएँ :–

### (ग) सूचना प्रौद्योगिकीय की प्रयोगशाला (30 विद्यार्थियों के लिये)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रयोगशाला का क्षेत्रफल | – | 9.23 x 6.15 m (30' x 20') |
| (2) | कम्प्यूटर की संख्या (पी–4) | – | 15 |
| (3) | सी.पी.ओ., मानीटर, की बोर्ड, माऊस सहित। | | |
| (4) | लेजर प्रिन्टर | – | 2 |
| (5) | स्कैनर | – | 1 |
| (6) | कम्प्यूटर टेबल | – | 15 |
| (7) | कम्प्यूटर चेयर | – | 15 |
| (8) | इंटर नेट कनेक्शन | | |
| (9) | प्राध्यापक के लिए टेबल,कुर्सी | – | 02 |
| (10) | ब्लैक बोर्ड या वाईट बोर्ड | | |
| (11) | ए.सी. | – | 1.5 |
| (12) | पंखा | – | 02 |

### (ह) इलेक्ट्रानिक प्रयोगशाला (30 विद्यार्थियों के लिए)

(1) प्रयोगशाला का क्षेत्र 40x50 मीटर

(2) प्रयोगशाला की लैब टेबल 04

(3) समुचित विद्युत व्यवस्था ।

(4) समुचित पानी, सिंक, सहित

(5) प्रयोगशाला उपकरण निम्नलिखित प्रयोग हेतु सामग्री ।

1. सिम्पल डायोड कैरेक्टरस्टिक्स
2. जिनर डायोड कैरेक्टरस्टिक्स
3. ट्रांजिस्टर कैरेक्टरस्टिक्स
4. एनर्जी बैंड गेप
5. फिल्ड इफेक्ट ट्रांजिस्टर
6. टुनल डायोड कैरेक्टरस्टिक्स
7. एस.सी.आर. कैरेक्टरस्टिक्स

8. एम्पलीटियूड माड्यूलेशन

9. फिक्कवेन्सी माड्यूलेशन

## (ई) कम्प्यूटर साइंस प्रयोगशाला (30 विद्यार्थियों के लिए)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रयोगशाला का क्षेत्र | – | 30x40 मीटर |
| (2) | कम्प्यूटर की संख्या | – | 15 |
| (3) | कम्प्यूटर टेबल | – | 15 |
| (4) | यू.पी.एस. | – | के.ही. 15 |
| (5) | इन्टरनेट कनेक्शन | – | 01 |
| (6) | लेन / माउस | – | 01 |
| (7) | भंडार गृह | | |
| (8) | प्राध्यापकों के लिए टेबल एवं कुर्सी | – | 02 |
| (9) | लेजर प्रिन्टर | – | 01 |
| (10) | डाटमेट्रिक्स प्रिन्टर | – | (136 कालम 24 पिन 01) |
| (11) | स्कैनर | – | 01 |
| (12) | बिजली व्यवस्था प्रत्येक कम्प्यूटर के लिए | | |
| (13) | प्रयोगशाला में समुचित प्रकाश व्यवस्था | | |

## (ज) भूगर्भ विज्ञान (भूगोल) की प्रयोगशाला के लिए :–

| | | |
|---|---|---|
| (1) | व्याख्यान कक्ष | 9.23X6.15 मीटर 30'20' |
| (2) | प्रयोगशाला का क्षेत्रफल | 9.23X6.15 मीटर 30'20' |

(3). टेबल 3X10-8 टेबल

(4). ट्रे 30 नग

(5). स्टूल – 30 नग

(6). माइक्रोकोप चार (पेट्रोलाजिकल)

(7). खनिजों का सैट

(8). किस्टल माडल (वुडन)

(9.) भू–आकृतिक माडल

(10) थिन सेक्शन (ट्रे)

**(क) बीसी ए तथा पी.जी.डी.सी.ए. के लिए कम्प्यूटर के निम्नलिखत सेट अपेक्षित हैं :–**

**1. बी.सी.ए. के लिए**

(एक) हार्डडिस्क के चार से ऊपर

एक पेन्टीयम की 10 नोट्स के साथ एक मुख्य रचना बैकअप ड्राप तथा हार्डडिस्क

(दो) साफ्टवेयर के लिए अपेक्षित

(क) लेंग्वेज कंपाइलर्स

(ख) 10 टरमिनल के लिए नेटवर्किंग साफ्टवेयर

(ग) 1 यू.पी.एस.

(घ) साफ्टवेयर से संबंधित पुस्तकें

(ड.) एक प्रिंटर (डी.एम. 132 काल.)

कम से कम 10x20 क्षेत्रफल का कमरा इस सिस्टम के इन्सटालेशन के लिए पेक्षित किया जायेगा ।

**2. पी.जी.डी. सी.ए. के लिए**

बी.सी.ए के समान ही उपबंध लागू होगा (10 टरमिनल, 15 टरमिनल अपेक्षित किया जाएगा ।)

10. **संस्थान के स्थान संबंधी आवश्यकताएं** – धारा 10 में विनिर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार स्थल संबंधी आवश्यकता शैक्षणिक अभिकरण के पास होना अनिवार्य है. तथापि यदि ऐसा संभव नहीं है तो शैक्षणिक अभिकरण, आयुक्त, उच्च शिक्षा से प्ररूप कमांक 1 में अनुरोध हेतु आवेदन कर सकता है आयुक्त, उच्च शिक्षा के द्वारा स्वीकृति की कार्यवाही धारा 10 में विहित प्रावधानों के अन्तर्गत की जावेगी ।

11.. **निरीक्षण** – धारा 10 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार अशासकीय महाविद्यालयों की स्थापना एवं निरीक्षण हेतु समिति गठित की जावेगी । समिति, प्ररूप कमांक 1 एवं 2 के अनुसार अनुशंसा सहित प्रतिवेदन सक्षम अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करेगी उपर्युक्त गठित समिति निम्नानुसार होगी :–

(1) अधिनियम की धारा 23 उपधारा (1) के अधीन आयुक्त उच्च शिक्षा एक सात सदस्यी समिति का गठन करेंगे । गठित समिति का एक सदस्य जो अतिरिक्त संचालक से निम्न स्तर का न हो आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा नामांकित होगा ।

(2) एक सदस्य जो अतिरिक्त संचालक से निम्न स्तर का न हो, आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा नामांकित किया जावेगा ।

(3) संबंधित कार्यक्षेत्र का उप संचालक, संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा/अग्रणी महाविद्यालय का प्राचार्य हों ।

(4) संबंधित विषय का एक विषय विशेषज्ञ/प्राचार्य/विभागाध्यक्ष जो आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा नामांकित किया जायेगा ।

(5) एक राजस्व अधिकारी, जो नायब तहसीलदार से निम्न स्तर का न हो ।

नोटः—तीन सदस्यों से गणपूर्ति होगी जिसमें उक्त खण्ड (4)के सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य हैं । समिति धारा 12 की उपधारा (3) के अनुसार कार्य करेगी तथा समिति, धारा—12 की उपधारा 3 में विनिर्दिष्ट कृत्यों के अलावा अन्य कृत्यों का संपादन करेगी ।

धारा 11 के अधीन अनुमति के अनुदान की सिफारिश के संबध में प्रतिवेदन धारा 12 के प्रावधानों के अनुसार अशासकीय महाविद्यालय के स्थापना एवं निरीक्षण के लिए गठित समिति इस अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (1),(2),(3) अंतिम निर्णय लेने के लिए सक्षम होगा ।

12. **कतिपय प्रकरण में विशेष प्रोत्साहन** :— अधिनियम की धारा 10 (च) के अधीन उद्धृत प्रकरणों में प्राप्त आवेदनों पर धारा 11 के अनुसार गठित की गई समिति द्वारा धारा 15 के अनुसार परीक्षण किया जाकर अनुमति हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया जायेगा ।

13. **सम्बद्धता** — धारा 16 एवं 17 में वर्णित प्रावधानानुसार सम्बद्धता की कार्यवाही की जावेगी अनुमति प्राप्त संस्था को सम्बन्धित विश्वविद्यालय से उस पाठ्यक्रम के लिये सम्बद्धता प्राप्त करनी होगी जिसके लिये उस संस्था को अनुमति प्रदान की गई है । सम्बद्धता के लिये सम्बन्धित विश्वविद्यालय के नियम बाध्यकारी होंगे ।

14. **अनुमति प्राप्त संस्थाओं के स्थान परिवर्तन और स्थानांतर पर निर्बन्धन** — धारा 18 के अनुसार कार्यवाही निरीक्षण समिति के प्रतिवेदन की अनुशंसा के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जावेगी ।

15. **अनुमति का प्रत्याहरण** — धारा 19 के प्रावधानानुसार कार्यवाही सक्षम प्राधिकारी के द्वारा निरीक्षण समिति की अनुशंसा के आधर पर किया जा सकेगा ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. मिश्रा, संयुक्त सचिव.

# प्ररूप क0 (एक)
## (नियम 5 के लिए)
### पूर्व स्थापित अशासकीय, संस्थाओं/महाविद्यालयों का निरिक्षण

1. संस्था का नाम :
2. संस्था का स्थापना वर्ष :
3. संस्था के प्राचार्य/अधिकृत अधिकारी
   नाम व पता
4. संस्था के प्रविष्ट छात्र/छात्राओं की संख्या व उनके परीक्षा परिणाम (पिछले तीन वर्ष का)

| संकाय/पाठयकम | प्रविष्ट छात्र | परिणाम उत्तीर्ण | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम श्रेणी | द्वितीय श्रेणी | तृतीय श्रेणी | उत्तीर्ण |

5. संस्था की भूमि/ एवं भवन का स्वामित्व
6. कुल भूमि/ एवं कक्ष का आकार
7. शैक्षणिक स्टाफ की जानकारी

| नाम | पद–विषय | योग्यता | वेतनमान | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

8. गैर शैक्षणिक स्टाफ की जानकारी

| नाम | पद–विषय | योग्यता | वेतनमान | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

9. (क) क्या संस्था की दशा समग्रतः (भवन, वित्त शैक्षिक संचालन तथा स्तर) प्रचलित विधान के अनुरूप जारी रखने योग्य है?
   (ख) यदि नहीं तो कमिया तथा अभाव जिन्हें संसूचित किया जाना है ?

10. संस्था की शुरूआत के बाद से उसका विस्तार (भवन, उपकरण पुस्तकालय, फर्नीचर आदि) व वर्षवार उल्लेखनीय प्रगति शैक्षिक अभिलेखों का रख रखाव ठीक प्रकार से हैं या नहीं?

11. संस्था के आय व्यय की सीमा व अंकेक्षित लेखे, प्रशासनिक और शैक्षिक अभिलेखों का रख रखाव ठीक प्रकार से है या नही?

12. क्या संस्था शासन के अनुदेशों एवं निर्देशों का परिपालन कर रही है तथा तत्संबंधी प्रतिवेदन निर्धारित समय सीमा में भेजे जा रहे हैं ?

13 .क्या संस्था नए विधान के परिपालन तथा शर्तो की प्रति पूर्ति में सक्षम है क्या एतद् विषयक घोषणा उसने की है? एतद् विषयक योजना का प्रारूप, संसाधन, कियान्वयन का चरणबद्ध प्रारूप तैयार है?

14. क्या संस्था को प्राप्त अनुदानों (राज्य शासन/यूजीसी/अन्यदान) का वर्षवार विवरण तथा आय व्यय का लेखा संधारित है तथा उसका विवरण भेजा गया है ?

15. क्या लेखानुरूप भंडार पंजी रखी गई है तथा तदनुसार भंडार उपलब्ध है ?

16. क्या व्यय/क्रय में शासकीय नियमों का पालन किया गया है ?

17. क्या वित्तीय अनियमितता का कोई प्रकरण लंबित है?

18. क्या छात्रवृत्तियों की प्राप्ति तथा वितरण का लेखा है?

19. क्या नियुक्त शिक्षकों तथा कर्मचारियों के प्राप्त वेतन व भत्तों का विवरण संतोषप्रद है?

20. संस्था के कार्यकलाप के विषय में संस्था के द्वारा शिक्षकों से जानकारी ली गयी है?

21. संस्था की भूमि यदि शासकीय रियायती दर पर प्रदत्त है तो उसके भूमि –भवनों का नक्शा प्राप्त कर अवलोकन किया जाये ।

(क) क्या यह सुनिश्चित किया गया है कि उसका उपयोग पूर्णतः उन उद्देश्य के लिए है जिनके लिए वह प्रदत्त है ?

(ख) क्या यह सुनिश्चित किया है कि –

(एक) भवनों का उपयोग व्यावसायिक आय के लिये तो नही किया जा रहा है?

(दो) यदि किया जा रहा है तो उसकी जानकारी शासन को दी जाकर तद्विषयक अनुमति ली गई है?

(ग) ऐसा व्यावसायिक उपयोग संस्था –

– किस रूप में कर रही है?
– किन शर्तो पर कर रही है?
– उसके हितग्राही कौन है?
– कितने वर्ष से उपयोग हो रहा है?
तथा आय व्यय का लेखा रखा गया है या नहीं?
– क्या ऐसी आय शैक्षिक संस्था की लेखा पंजियों में दर्ज की गई है?

22. क्या संस्था को उच्च शिक्षा की राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद् द्वारा निरूपित उत्कृष्ट उच्चतर शिक्षण संस्थान की अवधारणाओं की जानकारी है ?(राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद)

(क) यदि हॉ तो अब तक किये गये प्रयासों और परिणामों की जानकारी दें ।

(ख) यदि नही तो संस्था इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर कितनी अवधि में मुल्यांकन तथा प्रत्यायन करने में सहमत है?

----000-----

## धारा 6 के अनुसार
## निरीक्षण समिति के लिये परीक्षण अभिलेखों की सूची

क. सं. अभिलेख का नाम

1. प्रवेश एवं निकास पंजी
2. छात्र उपस्थिति पंजी
3. पूर्व महाविद्यालय इतिहास एवं नये प्रवेश संबंधी पंजी
4. सत्र शुल्क पंजी
5. समय सारिणी
6. प्रविष्ट परीक्षार्थी एवं उत्तीर्ण छात्रों वाली पंजी (कक्षा एवं वर्ग सहित)
7. उपस्थिति पंजी
   (क) शिक्षक
   (ख) शैक्षिकेत्तर स्टाफ
8. वेतन देयक एवं भुगतान पंजी
9. विन्यास एवं विन्यास से आय संबंधी विवरण
10. चंदा व दान से आय संबंधी विवरण
11. विविध प्राप्तियों का विवरण
12. शैक्षिक एवं शैक्षिकोत्तर स्टाफ के वेतनमान का विवरण
13. शैक्षिक स्टाफ का विवरण (योग्यता परीक्षा फल सहित, जन्मतिथि इत्यादि)
14. शैक्षिकोत्तर स्टाफ का विवरण
15. छात्रवृत्ति का विवरण
16. शिक्षक के प्राविडेन्ट फन्ड का विवरण
17. संबंधन संबंधी जानकारी
